दैनिक भास्कर
सप्ताह की शुरुआत पॉजिटिव सोच के साथ
झुंझुनूं | सोमवार, 31 जुलाई, 2023 | प्रथम श्रावण (अधिक), शुक्ल पक्ष-13, 2080 | वर्ष 6, अंक 303, महानगर | कुल पेज 18, मूल्य 5.00 रुपए

दैनिक भास्कर | चिड़ावा भास्कर 31-07-2023

सीएसआईआर ने जीता 'सर्वश्रेष्ठ स्टॉल' का पुरस्कार

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

पिलानी. समारोह में अतिथि से सम्मान पत्र लेते सीरी के वैज्ञानिक।

राजस्थान के उदयपुर में आयोजित 'उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी' में सीएसआईआर ने 'सर्वश्रेष्ठ सूचनाप्रद स्टॉल' का पुरस्कार जीता। 25 से 27 जुलाई तक हुई तीन-दिवसीय प्रदर्शनी में सीएसआईआर के स्टॉल को जानकारी देने वाले सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में सराहना मिली।

प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों, अतिथियों एवं अन्य लोगों ने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा जनहित में किए जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की। समापन सत्र में उदयपुर के लोकसभा सांसद अर्जुन लाल मीणा ने सीएसआईआर को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। सीरी के वैज्ञानिक डॉ. विजय चटर्जी ने सीएसआईआर की ओर से यह ट्रॉफी प्राप्त की। गौरतलब है कि प्रदर्शनी में 50 से अधिक संस्थाओं एवं संगठनों ने प्रदर्शनी में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में सीएसआईआर-सीरी और भावनगर स्थित सीएसआईआर ने सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। सीरी की ओर से दूध और शहद में मिलावट का पता लगाने के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक पोस्टरों के माध्यम से सीरी की अन्य प्रौद्योगिकियों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में संस्थान में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम 'शिल्प' के अलावा विज्ञान गांव की ओर कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सीएसआईआर-एमसीआरआई ने भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के जनमानस को लाभान्वित करने के लिए विकसित नमक समुद्री एवं पर्यावरण हितैषी हरित रसायनों से संबंधित प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी।